# राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

## –: प्रेस–विज्ञप्ति :–

**दिनांक : 08.02.2014**

आयोग द्वारा **वरिष्ठ अध्यापक ग्रेड II प्रतियोगी परीक्षा, 2013** दिनांक 21.02.2014 से 25.02.2014 तक राजस्थान के समस्त जिला मुख्यालयों, उपखण्ड एवं तहसील स्तर पर आयोजित कराया जाना निश्चित किया गया है। उक्त परीक्षा के प्रवेश–पत्र मय उपस्थिति पत्र आयोग की वेबसाईट http://rpsconline.rajasthan.gov.in पर अपलोड कर दिए गये हैं। अभ्यर्थियों को आयोग द्वारा डाक से पृथक से प्रवेश–पत्र प्रेषित नहीं किए जाएंगे। **सभी अभ्यर्थी अनिवार्य विषय एवं ऐच्छिक विषय हेतु प्रवेश–पत्र की अलग–अलग प्रतियां मय उपस्थिति पत्र के डाउनलोड कर निर्धारित परीक्षा केन्द्र पर उपस्थित होंवे ताकि अनिवार्य एवं ऐच्छिक विषय का अलग–अलग उपस्थिति–पत्र अभ्यर्थी से प्राप्त किया जा सके।** अभ्यर्थी आयोग की वेबसाईट से डाउनलोड किए हुए प्रत्येक प्रवेश–पत्र के साथ एक पासपोर्ट साईज फोटो एवं फोटो युक्त परिचय–पत्र परीक्षा केन्द्र पर अवश्य लाएं। अभ्यर्थियों को यह भी सूचित किया जाता है कि प्रवेश पत्र डाउनलोड करने के बाद वे अपने **परीक्षा केन्द्र स्थल** (Location) की जानकारी सुनिश्चित कर लेवें।

**(निष्काम दिवाकर)**
**सचिव**